तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **मोहनराम बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी, लोहावट)** सू.अ.अपील संख्या 132/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.06.22	अपीलार्थी मोहनराम पुत्र तेजाराम निवासी बरसींघो का बास, तहसील आउ, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 30.03.2022 में उसके द्वारा (1) उपखंड अधिकारी, लोहावट के द्वारा हेल्प लाइन 181 पर पिछले तीन महीनों के परिवादों का पूर्ण ब्यौरा (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी, लोहावट) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी, लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखंड अधिकारी, लोहावट) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी, लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	